# भाजपा-कांग्रेस से जनता त्रस्त: भट्ट

## दावा: उत्तराखण्ड में तीसरे विकल्प के रूप में उभर रहा यूकेडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक जिलाध्यक्ष मनोज जोशी के नेतृत्व में स्थानीय एक होटल में आहूत की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को आगे की रणनीति व संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। शुक्रवार को जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में संगठन के जिला संरक्षक हीरा बल्लभ भट्ट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य को बनाने वाली पार्टी आज फिर एक बार युवा जोश के साथ घर-घर पहुंच रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि राज्य में दोनों राजनीतिक पार्टियां भाजपा और कांग्रेस से लोग त्रस्त हो चुके हैं। उक्रांद को लोग तीसरे विकल्प के रूप में देख रहे हैं। इसी क्रम में राज्य आंदोलनकारी व सदस्य सलाहकार समिति के मेंबर भुवन




कांडपाल ने कहा कि गैरसैंण में पार्टी ने अपने अधिकारियों के लिए लड़ाई लगी। वहां जिस प्रकार कार्यकर्ताओं एवं उत्तराखंड वासियों में जोश था, आने वाले दिनों में राज्य में परिवर्तन होना निश्चित है। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज जोशी ने बैठक में पहुंचे नए सदस्यों को सदस्यता दिलाई। साथ ही कहा कि पार्टी आने वाले दिनों में 10-10 लोगों के ग्रुप में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास पर रहेंगे। जो लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने के अलावा आज तक राज्य में चली आ रही लूट खसोट की राजनीति से लोगों को अवगत कराने का काम करेंगे। इस मौके पर पूरन सिंह राठौर, ईश्वरी दत्त पांडे, घनश्याम लाल शाह, हरीश चंद्र चंदोला, विनोद शाह, सहित कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। कार्यक्रम के अंत में वरुण चंदोला ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के लिए कार्य करने की अपील की। बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने पिछले 9 तारीख को गैरसैंण में उक्रांद के कार्यकर्ताओं के साथ हुई अभद्रता का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ आशीष नेगी, पूर्व विधायक काशी सिंह ऐरी, पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया। जबकि पार्टी के कार्यकर्ता व नेता पहाड़ की समस्याओं को लेकर विधानसभा घेराव कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र सभी को रिहा करने व माफी मांगने की मांग की।

# चैती क्षेत्र में दो तेंदुओं की दस्तक से लोग दहशत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** चैती क्षेत्र में बीती देर रात दो तेंदुओं को देखे जाने की सूचना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। सूत्रों के अनुसार यह घटना उस समय सामने आई जब रात के सन्नाटे में कुछ लोगों की नजर अचानक सड़क पर घूम रहे दो तेंदुओं पर पड़ी। बताया जा रहा है कि जिन स्थानों पर तेंदुओं को देखा गया, वह चैती इलाके में स्थित ब्लॉक ऑफिस के सामने वाली गली है, जहां सामान्य दिनों में भी लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चर्चा तेज हो गई है और लोग प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। घटना की पुष्टि तब और मजबूत हो गई जब इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सामने आई। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय लगी कैमरों की रिकॉर्डिंग में दो तेंदुए साफ तौर पर घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि देर रात दोनों तेंदुए आराम से सड़क पर चलते हुए दिखाई देते हैं और कभी-कभी रुककर आसपास के वातावरण को देखते भी नजर आते हैं। यह फुटेज सामने आने के बाद लोगों के मन में पैदा हुआ डर और भी गहरा हो गया। लोगों को अब इस बात का डर सताने लगा है कि अगर जंगली जानवर इस तरह शहर की बस्तियों में घूमने लगे तो किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घट सकती है। यह वह स्थान है जहां हर वर्ष उत्तर भारत का प्रसिद्ध चैती मेला आयोजित किया जाता है। इस मेले में काशीपुर ही नहीं बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि मेले की शुरुआत से पहले इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यहां आने वाले लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

## एक नजर

### हल्दूचौड़ महाविद्यालय में 22 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दूचौड़।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में आयोजित एक दिवसीय रक्तदान शिविर का शुभारम्भ प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर डा. अनीता सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी प्रकाश सिंह मेहता, रक्तदान संयोजक डा. हेम चन्द्र पाण्डे, डा. भारत सिंह, डा. गीता तिवारी पाण्डे, डा. संजय काण्डपाल और हल्दूचौड़ ऑनलाइन संस्था अध्यक्ष मोहित जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर में स्वर्गीय बालकिशन देवकी जोशी चैरिटेबल ब्लड सेंटर हल्द्वानी के डॉक्टर्स के सहयोग से 22 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर में वरिष्ठ प्रोफेसर डा. राजकुमार सिंह, डा. संजय कांडपाल, डा. हेम चन्द्र, रोहित नेगी, बालकृष्ण भाकुनी, सूरज बोरा, नीरज, कुशाग्र, भावना, दीपेश जीना, खुशी, मनीष शर्मा, आकाश शर्मा, योगिता, संगीता, ललिता भट्ट, चंदन, विक्रम सिंह बोरा, गौरव बोरा, निकेत बोरा, प्रियांशु और भूपेन्द्र सिंह दानी आदि छात्र-छात्राओं, महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ ही स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में प्रतिभाग किया।

### जल आपूर्ति की डीएम ने की समीक्षा

**बागेश्वर।** गर्मी के मौसम से पूर्व बागेश्वर जनपद में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जल संकट से निपटने के लिए जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल संस्थान, जल निगम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लंबित पेयजल योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया और कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने संभावित जल संकट वाले क्षेत्रों की पहचान कर वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और अधिकारियों से कहा कि वे केवल कार्यालय में नहीं, बल्कि फील्ड में जाकर योजनाओं का निरीक्षण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता दलीप सिंह बिष्ट, जल निगम के वीके रवि, सिंचाई विभाग के जगत सिंह बिष्ट उपस्थित रहे।

### लोकगायक पूरन सिंह राठौर ने यूकेडी में शामिल

**बागेश्वर।** लोकगायक पूरन सिंह राठौर ने उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) की सदस्यता ली। सदस्यता समारोह में उन्होंने अपना स्वरचित कुमाऊनी गीत 'छाव हैजा रे- छाव हैजा, उत्तराखंडी छाव हैजा' प्रस्तुत कर लोगों को पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पूरन सिंह राठौर, जो जन्म से दृष्टिहीन हैं, मूल रूप से दुगनाकुरी तहसील के रीमा गांव के निवासी हैं। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय उद्यमस्थल से प्राप्त की। लोक गायकी में गहरी रुचि रखने वाले राठौर ने कई कुमाऊंनी गीत, झोड़ा और चांचरी गाकर लोगों के दिलों में जगह बनाई। राजनीति में भी रुचि रखने वाले राठौर ने पहले भाजपा में शामिल होकर कई प्रमुख नेताओं के लिए गीत गाए, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात में उनकी गायकी की सराहना की गई। हालांकि, उन्हें अब तक सरकारों से कोई विशेष सहायता नहीं मिली है। परिवार का पालन-पोषण करने के लिए गायकी ही उनका मुख्य स्रोत है, जिसके चलते उन्होंने अब उत्तराखंड क्रांति दल से जुड़ने का निर्णय लिया।

### सीवरेज व्यवस्था से लोग हो रहे परेशान

**काशीपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता गौतम मेहरोत्रा ने कहा कि काशीपुर की सीवरेज व्यवस्था समुचित देखरेख के अभाव में लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। सड़क निर्माण के दौरान सीवरेज चैंबर्स बंद कर दिया जाना भी परेशानी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने शहरी क्षेत्र के मौहल्ला ओझान, खत्रियान, कानूनगोयान और खालसा समेत लगभग हर गली-मोहल्ले में सीवरेज चैंबरों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहना आम बात है। इससे जहां हवा में बदबू फैल रही है, वहीं लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कुछ लोगों द्वारा अपने घरों के शौचालय के पाइप नालियों में डाल दिए गए हैं। इससे सीवरेज का गंदा पानी खुली नालियों व चैंबरों से बाहर निकलकर सड़क पर फैल रहा है। सीवरेज का गंदा पानी लगातार सड़कों पर बहने से कई स्थानों पर मार्गों की हालत भी खराब हो चुकी है। इन मार्गों पर आने-जाने वाले लोग और स्कूली बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस हेतु शहर में सर्वे कराते हुए सीवरेज की नियमित सफाई करवाई जाए, ताकि आने वाले गर्म मौसम में संक्रामक रोग न पनप सकें।

### आईजीएल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**काशीपुर।** आईजीएल की ओर से आईजीएल के संस्थापक स्व. एमएल भरतिया की 19वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ एसपी काशीपुर स्वप्न किशोर सिंह ने किया। अधिशासी निदेशक आलोक सिंघल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस बार 270 लोगों का रक्तदान एलडी उप जिला चिकित्सालय काशीपुर की टीम के सहयोग से हुआ। इस मौके पर मानव संसाधन प्रशासन लाइजनिक हेड राजेश कुमार सिंह, डॉ. आरके शर्मा, डॉ. गौरव मुंद्रा, विक्रांत चौधरी, रितेश पांडे, आरसी उपाध्याय, डॉ. सिद्धार्थ, देवेंद्र जोशी, नीरज पांडे, रोहित गोयल, अमित कुमार, सचिन गुप्ता, शरद शर्मा, दीपक भट्ट, आकाश, गुलशन कुमार, दीपक शर्मा, सचिन चौहान आदि रहे।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने एक शराब तस्कर को एक प्लास्टिक के कट्टे में 33 पाऊच अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कुंडेश्वरी पुलिस ने संजीव कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी दोहरी वकील भट्टा कॉलोनी को उस समय धर दबोचा जब वह एक प्लास्टिक के कट्टे में 33 पाउच कच्ची शराब के भरकर बेचने के लिए लेकर जा रहा था।

### अनावश्यक सिलेंडर भंडारण करने पर होगी कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने को पुलिस एक्टिव हो गई है। शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी पर सिलेंडरों का वितरण किया गया। वहीं, विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के ने सभी थाना और चौकी पुलिस को निर्देश दिए हैं कि रसोई सिलेंडरों का वितरण शांतिपूर्वक हो। इसके लिए गैस गोदामों, एजेंसियों और प्रतिष्ठानों में कड़ी नजर बनाए रखें। सघन चेकिंग अभियान चलाएं, ताकि कोई भी सिलेंडरों का अवैध भंडारण न कर पाए। निर्देश दिए हैं कि अगर कोई भी सिलेंडरों का अवैध भंडारण करते मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शुक्रवार को एडिशन एसपी हरबंस सिंह की देखरेख में पूरी कार्रवाई की गई। थाना-चौकियों में आने वाले सभी सिलेंडर वितरण केंद्रों में नजर रखी गई।

# हंस फाउंडेशन ने हवालबाग में चलाई परियोजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** हवालबाग में हंस फाउंडेशन की ओर से हंस आजीविका परियोजना के तहत मशरूम उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। परियोजना के तहत अब तक चार हजार किलो से अधिक मशरूम का उत्पादन किया जा चुका है। जो किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहा है। हंस फाउंडेशन की अनिता कनवाल ने बताया कि परियोजना के तहत क्षेत्र के कई गांवों को जोड़कर किसानों को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। वहीं, परियोजना के प्रथम चरण में मनाऊ, बलसा, सिमकुड़ी, गधोली, बिंतोला, बाल्टा, ज्योली, दाडिमखोला, बेह, दुलागांव, कनालबूंगा और पहल गांवों के किसानों को शामिल किया गया। इसके बाद दूसरे चरण में पहल, बेह मटेला, दुलगांव, कुज्याड़ी, कनालबूंगा, टकोली, मेड़ी, रेलाकोट, दाडिमखोला, चौसली और डोबा गांवों के किसानों को भी परियोजना से जोड़ा गया। वर्तमान में इन गांवों से कुल 73 चयनित लाभार्थी इस पहल के अंतर्गत मशरूम उत्पादन कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक लाभार्थी को 80 बटन मशरूम कम्पोस्ट बैग तथा उत्पादन से जुड़े आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए। जिससे किसानों ने अपने स्तर पर मशरूम उत्पादन शुरू किया। परियोजना के तहत अब तक किसानों द्वारा 4128 किलोग्राम मशरूम का उत्पादन किया जा चुका है, जिससे साढ़े साल लाख से अधिक की आजीविका अर्जित की गई है।

# कॉमर्शियल गैस के उपयोग पर सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** उत्तराखंड में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने राज्य में एलपीजी और ईंधन की उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जांच अभियान चलाया। शुक्रवार को कालाढूंगी में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने चलाया एलपीजी और ईंधन वितरण जांच अभियान इस दौरान उनके साथ तहसीलदार सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे। खाद्य पूर्ति अधिकारी राजेंद्र भट्ट ने बताया नैनीताल जिला अधिकारी के निर्देशन में कालाढूंगी उपजिलाधिकारी बिपिन पंत की अनुमति पर कालाढूंगी के वार्ड नंबर1, 4, 5, 6 व बाजार क्षेत्र नया गांव सहित कोटाबाग में भी होटलों ढाबों सहित ठेलो व चाय की दुकानों



पर संघन चेकिंग अभियान चला कर होटलों व ढाबों में कॉमर्शियल के स्थान पर घरेलू गैस का तो उपयोग नहीं हो रहा इसी की चैकिंग की गई वही अवैध रिफिलिंग की भी जांच की गई चेकिंग के दौरान कालाढूंगी में संजय जलपान पर घरेलू सिलेंडर प्राप्त हुआ जिसे टीम ने अपने कब्जे लिया गया वही कोटाबाग में भी एक होटल एक घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया। दोनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई। वहीं राजेंद्र भट्ट ने बताया हमारे पास पर्याप्त गैस है। बस अफवाह पर ध्यान ना देकर बनाए गए नियमों का पालन करे।इस दौरान तहसीलदार ईश्वर सिंह भीमा,सहित पूर्ति विभाग से चित्रा रौतेला, पुलिस विभाग से एसआई लेखराज कंबोज, वीरेंद्र मेहता, इमरान खान आदि मौजूद रहे। वही उपजिलाधिकारी बिपिन पंत ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर गैस एवं ईंधन उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी जमाखोरी या अवैध रिफिलिंग को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं भी एलपीजी या ईंधन से संबंधित अनियमितता कालाबाजारी अथवा अवैध रिफिलिंग की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। वही उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए विभाग द्वारा आगे भी अभियान जारी रखा जाएगा।

# पर्यावरण मित्रों ने नगर निगम में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर के जौहरी बाजार में कूड़े को लेकर उठा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी है और कूड़े का उठान नहीं किया। जिससे नगर के तमाम मोहल्लो में गंदगी का अंबार रहा। दरअसल, चौहरी बाजार में बीते दिनों कूड़े को लेकर भाजपा नेता और सफाई कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया था। पर्यावरण मित्रों ने उनके साथ मारपीट और गाली गलौज करने का आरोप लगाया था। कार्रवाई की मांग के करते हुए सफाई कर्मियों ने प्रशासन को 12 मार्च तक का सयम दिया था। कार्रवाई नहीं हुई तो सफाई कर्मचारी शुक्रवार से हड़ताल पर चले गए। इससे नगर में कूड़े का उठान नहीं हो पाया। लोगों के घरों से कूड़ा एकत्र नहीं हुआ। साथ ही जगह-जगह गंदगी का अंबार रहा। कर्मियों ने नगर निगम में धरने पर बैठकर प्रदर्शन किया। यहां प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार, शाखा अध्यक्ष दीपक चंदेल, नरेश कुमार, हेमंत, राजेश टाक, सतीश कुमार, दीपक सैलानी, घनश्याम, दर्शन चंदेल, राजेंद्र पवार, भूपेंद्र, शक्ति, नरेश, राजेश खत्री, प्रदीप, चंद्रपाल, राजेंद्र पावर, दीप चंद्र, अशोक पवार समेत कई पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

### जंगल में धधकी आग

**अल्मोड़ा।** जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही लगातार वनाग्नि की घटनाएं सामने आने लगी है। शुक्रवार दिन में भनोली के चंगेठी के जंगल में आग धधक उठी। सूचना पर फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया। अल्मोड़ा के जंगलों में वनाग्नि की घटनाएं शुरू हो गई है। भनोली के ग्राम चंगेठी के जंगलों में अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। आग को बढ़ता देख लोगों में भी हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना फायर सर्विस को दी। अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने एक होज रील फैलाकर आग पर काबू पाना शुरू किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# हेमपुर डिपो में पूर्व सैनिक सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** स्टेशन मुख्यालय हेमपुर में पूर्व सैनिकों की एक रैली का आयोजन किया गया। रैली सैनिकों, वीर नारियों और विधवाओं की समस्याओं के समाधान तथा सैनिक कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देने के लिए आयोजित की गई।

रैली में स्टाल लगाकर शिकायतों का निवारण और सहायता प्रदान की गई जिसमें पेंशन शिकायत निवारण, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट के अभिलेख कार्यालय के प्रतिनिधियों के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करके उनकी शिकायतों के निवारण में सहायता के लिए लगाए गए स्टाल



प्रमुख रहे। कर्नल सुरेंद्र सिंह रांगड़ा ने पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के विषय में जानकारी दी। हेमपुर सैन्य स्टेशन के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर सुखबीर सिंह ने राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और विधवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। स्टेशन कमांडेंट ने वीरता पुरस्कारों से सम्मानित पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और विधवाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर कर्नल आदित्य श्रीवास्तव (कर्नल वेटरन, उत्तराखंड उपक्षेत्र) कर्नल मोहन सिंह (अवकाशप्राप्त वरिष्ठतम सैन्य अधिकारी काशीपुर), सैन्य स्टेशन की प्रथम महिला ममता सिंह, कर्नल राकेश पैन्यूली सहित सैन्य अधिकारी तथा अनेक भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियां उपस्थित रहे।

# गैस बुक नहीं हो रही, एजेंसी में भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** सर्वर डाउन होने के कारण एलपीजी गैस बुकिंग में ग्राहकों को समस्या आ रही है। ऑनलाइन बुकिंग न होने के कारण लोग एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। पश्चिम एशिया में छिड़ी जंग का असर बागेश्वर में दिखने लगा है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा बताया जा रहा है कि घरेलू गैस की कोई दिक्कत नहीं है।

गैस की गाड़ियां लगातार जनपद में पहुंच रही है। गैस सिलेंडर रिफिल करवाने के लिए लोग शुक्रवार को दिन भर बुकिंग के लिए परेशान रहे। लोग गैस एजेंसियों में आकर बुकिंग करवाते नजर आए। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे रात रात भर उपभोक्ता मोबाइल नंबर पर बुकिंग के लिए फोन मिलाते रहे, लेकिन बुकिंग नहीं हो पाई। लेकिन अब गैस एजेंसियों में



उपभोक्ताओं की भीड़ जुटने लगी है। यहां कर्मचारी भी कई बार प्रयास करने के बावजूद एक दो बुकिंग हो कर प रहे हैं। हालांकि अब जिला प्रशासन ने एजेंसियों को ऑफलाइन बुकिंग करवाने के भी निर्देश दे दिए हैं। तहसील रोड़ स्थित इंडियन गैस एजेंसी में सुबह से देर शाम तक उपभोक्ताओं की लाइन लगी रही। कर्मचारियों ने बताया कि कई लोगों की केवाईसी नहीं होने के कारण भी बुकिंग नहीं हो पा रही है। हालांकि एजेंसी के पास पर्याप्त मात्रा में गैस है। इसके विपरीत ग्रामीण क्षेत्रों में कई उपभोक्ता कम पढ़े लिखे व कई स्थानों पर नेटवर्क की भारी कमी है। वही कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को कई किमी दूर सिर में सिलेंडर लेकर सड़क तक आना होता है। उन क्षेत्रों में जिला प्रशासन एवं एजेंसियों के लिए उपभोक्ताओं को सर्विस दे पाना चुनौती भरा हो सकता है।

### सूचना: नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD ASIV से बदलकर MOHD ASIV कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे MOHD ASIV के नाम से जाना व पहचाना जाए। मो. आसिव पुत्र श्री नन्हे वर्तमान पता-ग्राम कठर्रा, गौघाट, सहदौरा (उधमसिंह नगर)।

### सूचना: नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम गुरबचन सिंह से बदलकर गुरबचन सिंह नागपाल कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे गुरबचन सिंह नागपाल के नाम से जाना व पहचाना जाए। गुरबचन सिंह नागपाल पुत्र श्री स्वरूप सिंह नागपाल वर्तमान पता-83, राजेंद्र नगर वार्ड नंबर-2 गली नंबर-2 संतोषी माता मंदिर हल्द्वानी, नैनीताल।

### सूचना

मैं ममता भट्ट पत्नी श्री कमल भट्ट यह सूचित करती हूँ कि ग्राम चांदनी चौक तहसील कालाढूंगी जिला नैनीताल स्थित भुखण्ड के कुछ कागजाद फोटो स्टेट कराने बाजार ले गयी थी लेकिन रास्ते में मेरे भूखण्ड का एक बैनामा जो श्रीमती लता बिष्ट पत्नी श्री भूपेन्द्र सिंह ने श्री मोहन चन्द्र जोशी पुत्र मोती राम के नाम दिनांक 30 नवम्बर 2012 को उपनिबन्धक कार्यालय हल्द्वानी में बुक संख्या 1 जिल्द संख्या 1640 पेज 253 से 264 पर क्रमांक 7500 पर पंजीकृत है। उसकी मूल प्रति कहीं गिर गयी है। अनुरोध है कि जो भी भुखण्ड का बैमाना प्राप्त करें वह कालाढूंगी पुलिस या मुझसे संपर्क करें। मेरा मो. न. 9105120840 है।

### सूचना

सैन्य अभिलेखों में मेरे पिता का नाम नन्दन सिंह कपकोटी (NANDAN SINGH KAPKOTI) व जन्मतिथि 01/03/1948 तथा मेरी माता की जन्मतिथि 02/06/1956 गलत दर्ज है। मेरे पिता का सही नाम नन्दन सिंह (NANDAN SINGH) व जन्मतिथि 01/01/1943 तथा मेरी माता की जन्मतिथि 01/01/1957 दर्ज करें।

**आर्मी नं. 4204187X रैंक L/NK**
**नवीन सिंह कपकोटी**


रमज़ान मुबारक



ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

शाकिर हुसैन (पत्रकार)

नसीम जहां
सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)



Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी



अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# स्वास्थ्य सुविधाओं और गैस किल्लत पर विधानसभा में गरजे विधायक सुमित हृदयेश

## जनसमस्याओं पर सरकार को कठघरे में किया खड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश की चरमराती स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान योजना की खामियों और एलपीजी गैस किल्लत पर सदन में गूँजी हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश की आवाज। विधानसभा सदन में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने प्रदेश की बदहाल और चरमराती स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय एवं दूरदराज़ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण लोगों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते कई लोगों को अपनी बहुमूल्य जान गंवानी पड़ रही है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उचित स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में जिला पंचायत अध्यक्ष अल्मोड़ा स्व. श्रीमती बिष्ट का असमय निधन होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता.



जनक है।

उन्होंने हल्द्वानी में प्रस्तावित कैथ लैब के निर्माण में हो रही लगातार देरी पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पिछले कई विधानसभा सत्रों में विभागीय मंत्री द्वारा जल्द कैथ लैब स्थापित किए जाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन आज तक इसका निर्माण नहीं हो पाया। सदन में उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड के तहत इलाज न मिलने की समस्या को भी गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि यह पेंशनभोगियों के साथ सीधा अन्याय है।

इसके साथ ही उन्होंने आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज से पूर्व विभिन्न जांचों के नाम पर गरीब जनता से पैसे वसूलने पर भी कड़ी आपत्ति जताई और मांग की कि आयुष्मान योजना के तहत इलाज के साथ-साथ सभी आवश्यक जांचें भी पूर्ण रूप से निशुल्क की जाएं। विधायक सुमित हृदयेश ने युवाओं के बेहतर भविष्य और रोजगार के अवसरों को ध्यान में रखते हुए हल्द्वानी में फॉरेन लैंग्वेज ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किए जाने की भी मांग सदन में रखी, ताकि प्रदेश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। इसके अतिरिक्त देशभर में व्याप्त एलपीजी गैस की किल्लत का मुद्दा भी सदन में उठाया गया। इस विषय को लेकर कांग्रेस के समस्त विधायकों ने सदन में धरना देते हुए राज्य सरकार से आम जनता को तत्काल राहत प्रदान करने की मांग की। सुमित हृदयेश ने कहा कि महंगाई और आवश्यक सेवाओं की कमी से आम जनता पहले ही परेशान है, ऐसे में गैस की किल्लत ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। सरकार को चाहिए कि वह तुरंत प्रभावी कदम उठाकर आम जनता को राहत प्रदान करे।

## श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा श्रृंखला के अंतर्गत गंगापुर गौलापार में 13वीं श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा का संगीतमयी एवं भावपूर्ण वाचन व्यास आचार्य राजेन्द्र तिवाड़ी द्वारा किया गया। कथा के पंचम दिवस पर व्यास ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा से पूर्व पूजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान विधिवत संपन्न किए गए। कथा में मुख्य जजमान के रूप में शोभन सिंह बिष्ट, हरुली देवी, देवेंद्र सिंह, शोभा देवी, प्रकाश बिष्ट और भूमि बिष्ट सपत्नीक उपस्थित रहे। जबकि पूजन कार्य आचार्य संतोष जोशी तथा हरिद्वार से पधारे कमल जोशी द्वारा संपन्न कराया गया। इस मौके पर हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली, उपाध्यक्ष दिनेश पांडे, कोषाध्यक्ष हेम पंत, मीडिया प्रभारी हर्ष वर्धन पांडे सहित संगीतकार राकेश पांडे और तबला वादक महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि बनभूलपुरा पुलिस ने गश्त के दौरान गौला पार्किंग मजार के पास से एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश फर्त्याल ने बताया कि बीती रात्रि कांस्टेबल महबूब अली व अमित शरण क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी गौला पार्किंग मजार के पास से एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया जो टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। जिसकी तलाशी के दौरान एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवक ने अपना नाम अमन पुत्र मो. हसीन निवासी मोहम्मदी मस्जिद के पास इन्द्रानगर बनभूलपुरा बताया।

# परेशानी से जूझ रहे गैस उपभोक्ता

## ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही, प्रशासन ने कहा- धैय रखें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में इन दिनों घरेलू गैस उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर इंडेन गैस उपभोक्तओं के लिए सिलेंडर बुकिंग करना मुश्किल हो गया है। शुक्रवार को भी गैस बुकिंग व्यवस्था प्रभावित रही, जिससे सैकड़ों उपभोक्ता दिनभर परेशान होते रहे। उपभोक्ताओं ने मोबाइल नंबर के माध्यम से सिलेंडर बुकिंग करने का प्रयास किया लेकिन अधिकांश लोगों की बुकिंग नहीं हो सकी। कुछ उपभोक्ताओं ने मोबाइल ऐप के जरिए बुकिंग करने में सफलता तो पाई, लेकिन डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड डीएसी जनरेट होने में दिक्कत आने के कारण सिलेंडर की डिलीवरी प्रक्रिया अटक गई। इसके चलते लोगों को रसोई गैस के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

सबसे अधिक परेशानी इंडेन गैस उपभोक्ताओं को उठानी पड़ रही है। बुकिंग नहीं होने के कारण कई लोग नवाबी रोड, शीशमहल सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित इंडेन गैस एजेंसियों के कार्यालय पहुंच गए। वहां भी उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी रही। इससे लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस खत्म होने के बाद उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है जिससे घरों में खाना बनाने तक की समस्या खड़ी हो गई है। कई लोगों ने बताया कि लगातार प्रयास करने के बावजूद बुकिंग नहीं हो पा रही है, जबकि कुछ उपभोक्ताओं की बुकिंग होने के बाद भी डिलीवरी में देरी हो रही है। इस मामले में प्रशासन का कहना है कि शहर में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उधर जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 05942-231179 जारी किया है। प्रशासन ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग होने के बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो रही है, वे इस नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी से संपर्क कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि जनपद में गैस की किसी भी तरह से कोई किल्लत नहीं है।

### नजदीकी एजेंसी पर बुक कराएं गैस: डीएम

**हल्द्वानी।** डीएम ललित मोहन रयाल ने गैस गोदामों में उपभोक्ताओं द्वारा लगाई जा रही लंबी लाइनों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए उपभोक्ताओं को गैस गोदामों में जाकर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक सहित संबंधित अधिका. रियों को निर्देशित किया कि गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उपभोक्ता अपनी नजदीकी एजेंसी से गैस बुक करें जिसके बाद उन्हें घर पर ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। डीएम रयाल ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है और पहले की तरह नियमित रूप से गैस की होम डिलीवरी जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से गैस गोदामों तक पहुंचकर लाइन लगाने से बचने की भी अपील की। साथ ही उन्होंने अधीनस्थ अधिका. रियों को लगातार स्थिति की निगरानी रखने तथा गैस की कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश भी दिए हैं।

## दमुवाढूंगा में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा क्षेत्र में नशे के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर वार्ड पार्षद और स्थानीय महिलाओं ने एसपी सिटी मनोज कत्याल से मुलाकात की। इस दौरान पार्षद तनुजा जोशी ने बीते दिनों पुलिस की लापरवाही से भागे स्मैक तस्कर का मामला भी उठाया। पार्षद तनुजा जोशी ने एसपी सिटी मनोज कत्याल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष से क्षेत्र में स्मैक, नशा और अवैध शराब का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है।

## महिला दिवस एवं महिला पखवाड़े के तहत विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को दिव्य ज्योति महिला एवं बाल विकास संस्था द्वारा महिला दिवस एवं महिला पखवाड़े के अंतर्गत एक दिवसीय विचार गोष्टी एवं सन्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़ और विशिष्ट अतिथि के रूप में तेजस्विनी जनसेवा समिति की अध्यक्ष कृति तिवारी मौजूद रहीं। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंजू गौड़ ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। नारी शक्ति ही समाज की असली ताकत है। माँ, बहन, बेटी और हर उस महिला को नमन जो अपने साहस, मेहनत और संघर्ष से समाज और देश को नई दिशा दे रही हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि कृति तिवारी ने कहा कि 8 मार्च को विश्वभर में महिला दिवस मनाया जाता है, और 8 मार्च से 15 दिन तक महिला पखवाड़ा आयोजित किया जाता है। यह माह महिलाओं की उपलब्धियों, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित होता है। साथ ही यह हमें यह भी याद दिलाता है कि दुनिया के कई हिस्सों में महिलाओं को समान अधिकार, सुरक्षा और अवसर दिलाने के लिए संघर्ष जारी है। इस दौरान अध्यक्ष दिव्या कोटियाल, विधायक प्रतिनिधि पूरन गौड़, हेमा डंगवाल, रिचा सोराडी, रेनू डंगवाल, दीपा उप्रेती, नेहा निरुपमा जोशी, प्रभा बिष्ट, प्रिया वर्मा, उसा पाठक, ललिता मेहता, सरिता, कविता, निर्मला आग्ररी, राजेंद्र नाथ मौजूद रहे।



# कालाबाज़ारी करने वालों पर हो कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गैस की कालाबाजारी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाई किए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को उत्तराखंड चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति एसपी सिटी मनोज कत्याल के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन भेजा। सीएम को भेजे गए ज्ञापन में समिति ने कहा कि विगत कुछ दिनों से एलपीजी गैस की किल्लत होना जैसा माहौल बनाया जा रहा है। इसको लेकर कुछ लोगों द्वारा कालाबाजारी की जा रही है एवं अपने गोदामों में स्टॉक कर लिया गया है, जिससे स्थानीय जनता को गैस के सिलेण्डर दो-दो हजार रूपये में ब्लैक में बेचे जा रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि गैस की कालाबाजारी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के साथ उनको गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए, और अवैध किए गए स्टॉक को जब्त किया जाए। ज्ञापन देने वालो में डा. हरीश पाल, सुशील भट्ट, केएस कांडपाल आदि मौजूद रहे।



## राजकीय मेडिकल कॉलेज में संकाय सदस्यों के पदों पर साक्षात्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी में विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया। यह साक्षात्कार कालेज प्रशासन द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के तहत संपन्न हुआ। साक्षात्कार में कुल 11 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 9 अभ्यर्थी असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए और 2 अभ्यर्थी एसोसिएट प्रोफेसर के पद के लिए उपस्थित हुए। असिस्टेंट प्रोफेसर पदों पर माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी, बाल रोग, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग तथा कार्डियोलॉजी विभागों के लिए अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया। साक्षात्कार में हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्व. विद्यालय, देहरादून की कुलपति प्रो. डा. भानु दुग्गल ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर डा. अजय आर्या, डा. जीएस तितियाल सहित विभागाध्यक्ष भी मौजूद थे। प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने कहा कि संकाय सदस्यों की नियुक्तियों से कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत होगी और अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी।



# बाल मेला: बच्चों की पुस्तकों की प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बच्चों की पत्रिका बाल प्रहरी तथा भारत ज्ञान विज्ञान समिति और क्रिएटिव उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय बाल लेखन कार्यशाला का समापन समारोह उत्साह और रचनात्मकता के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा तैयार हस्तलिखित पुस्तकों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। समारोह में बच्चों ने बाल प्रहरी, बाल भारती, किशोरी स्वर, बाल मुस्कान जैसे नामों से अपनी हस्तलिखित पुस्तकों का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर आयोजित बाल कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कक्षा सात के छात्र अनुज सैनी ने की, जबकि संच. ालन हृदयेश त्रिपाठी ने किया। कवि सम्मेलन में गुलफिजा, भूमिका,



बबली, अनुज, मान्यता, चेतना और योगिता पाठक ने हल्द्वानी, किताब कौतिक, फूल, बादल, स्वच्छता अभियान, भोजन की बर्बादी और तितली जैसे विषयों पर अपनी स्वरचित कविताएं सुनाकर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। इस दौरान बच्चों ने उदय किरौला के निर्देशन में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक मोबाइल टन-टना-टन-टन के माध्यम से मोबाइल संस्कृति पर व्यंग्य करते हुए लोगों को सोचने पर मजबूर किया। कार्यक्रम में दीक्षा जोशी की दीवार पत्रिका हल्द्वानी दर्पण तथा मंजू पांडे की बाल संसार का लोकार्पण भी अतिथियों ने किया। समापन समारोह के प्रारंभ में अतिथियों ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बैज लगाकर सम्मानित किया। बच्चों ने ओरिगामी के तहत अखबार से बने मुकुट अतिथियों को पहनाकर उनका स्वागत किया। साथ ही बच्चों की हस्तलिखित पुस्तकों का भी लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य व साहित्यकार दीपा कांडपाल ने कहा कि बच्चों में अपार प्रतिभा होती है, जरूरत है उन्हें समय-समय पर उचित मंच और अवसर देने की। इस मौके पर नीरज पंत, विनोद कुमार हर्बोला, ललिता कापड़ी, दीक्षा जोशी, डा. पुष्प लता जोशी सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मंजू पांडे, हेम पंत, दयाल पांडे, विमला जोशी 'विभा', जगमोहन रौतेला, अंशुल पंत, प्रमोद तिवारी, उदय किरौला, प्रकाश चंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** दो दिन पहले बेस अस्पताल के पास बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए रिक्शा चालक की मौत मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार लालडांठ निवासी हरीश सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर कहा कि उनका बेट नरेश कुमार बीते 10 मार्च को रिक्शा लेकर घर की ओर आ रहा था, तभी बेस अस्पताल के पास पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाल विजय सिंह मेहता ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नाबालिग किशोरी लापता गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग किशोरी लापता के लापता होने पर भाई ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस से सकुशलता की गुहार लगाई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर नाबालिग किशोरी की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मूलरूप से सीतापुर यूपी के निवासी भाई अंकित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह अपनी बहन के साथ हल्द्वानी मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत रहता है और मजदूरी का कम करता है। तहरीर में कहा कि बीते 11 मार्च को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बहन घर से किसी काम को लेकर बाजार की तरफ गई लेनिक वह फिर वापस नहीं लौटी। पीड़ित भाई ने बताया कि हर जगह उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उसने गुमशुदगी दर्ज करते हुए बहन की सकुशलता की गुहार लगाई। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

# उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच की बैठक, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवाार को तिकोनिया स्थित लोनिवि गेस्ट हाउस में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच की एक बैठक जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में सपन्न हुई। जिसके बाद मंच के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी भेजा। जिसमें मंच के लोगों ने राज्य आंदोलनकारियों की बढ़ी हुई पेंशन की घोषणा के बावजूद अभी तक उसे लागू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई गई। इसके साथ ही 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को लागू नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। इसके साथ ही राज्य आंदोलनकारियों को



आउट टैक्स माफ करने की घोषणा को भी पूरा नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की और शीघ्र इसे लागू करने की मांग की। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद से अब तक सभी अधिकारियों और नेताओं की संपत्तियों की जांच की जानी चाहिए। इस मौके पर कमल जोशी, ज्योत्सना पांडे, भगवती बिष्ट, कैलाश शाह, जगमोहन बगड़वाल, राजेंद्र नेगी, हेमचंद पाठक, प्रदीप अनेरिया, कांति जोशी, भुवन चंद तिवारी, मोहन तिवारी, इसाक खान, डा. बालम बिष्ट, राजेंद्र खनवाल, दीपक डीएन जोशी, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

# गैस संकट के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार: भाकपा माले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय ने प्रेस बयान में कहा कि एलपीजी संकट के लिए मोदी सरकार की विदेश और आर्थिक नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी की इज़राइल यात्रा और अमेरिका के दबाव में रूस से तेल खरीदने से भारत में गैस और तेल संकट पैदा हुआ है। डा. पांडेय ने कहा कि सरकार ने युद्ध के शुरुआती दिनों में दावा किया था कि देश के पास पर्याप्त तेल और गैस है, लेकिन संकट के समय सरकार का झूठ सामने आ गया। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट्स, शादी-ब्याह, हॉस्टल, स्ट्रीट फूड वेंडर्स सभी इस संकट से प्रभावित हैं। भाकपा माले ने केंद्र सरकार से मांग की कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर लगाए गए भारी करों में कटौती की जाए, तेल-गैस क्षेत्र में सार्वजनिक उपक्रमों को मजबूत किया जाए और निजी कंपनियों के एकाधिकार को रोका जाए। साथ ही रसोई गैस पर सार्वभौमिक सब्सिडी बहाल की जाए। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि वह अमेरिका निर्देशित कारपोरेट-परस्त नीतियों को त्यागकर आम जनता को राहत देने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए।

# अलविदा जुमे की नमाज़ अदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रमज़ान महीने के आखिरी जुमे, यानी जुमातुल-विदा की नमाज़ हल्द्वानी शहर की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। इस अवसर पर शहर के मुस्लिम इलाकों जैसे बनभूलपुरा, इंदिरानगर और आसपास के क्षेत्रों में खासा उल्लास और चहल-पहल देखी गई। नमाज़ के बाद अब ईद की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं, और इस साल संभावना जताई जा रही है कि ईद अगले शुक्रवार को मनाई जाएगी। पुलिस प्रशासन ने इस विशेष दिन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए थे। मस्जिदों में नमाज़ शांति और अनुशासन के साथ अदा की गई, और हर मस्जिद में तय समय पर नमाज़ी उपस्थित हुए। विशेष दुआ भी कराई गई, जिसमें देश-विदेश में अमन और चैन की कामना की गई। नमाज़ से पहले मस्जिदों में उलेमाओं ने मुसलमानों को संबोधित करते हुए रमज़ान महीने की फज़ीलत पर चर्चा की और ज़कात एवं फितरा की अहमियत समझाई। उलेमाओं ने नमाज़ियों से अपील की कि वे ज़कात और फितरा की तक़सीम सही तरीके से करें, ताकि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद हो सके। इस दिन की खासियत यह थी कि जबकि रमज़ान का महीना समाप्त हो रहा था, उसकी सामाजिक और धार्मिक भावना शहर भर में जीवित रही। ईद के लिए तैयारियां अब आखिरी दौर में पहुंच चुकी हैं, और शहर में ईद की खुशियों का माहौल बन रहा है।



# ब्लॉगर ज्योति अधिकारी समेत 11 लोगों पर दंगा भड़काने और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम कोतवाली में ब्लॉगर ज्योति अधिकारी और उनके पति समेत 11 लोगों पर दंगा भड़काने और अन्य गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में ज्योति का मुंहबोला भाई भी आरोपी है। पुलिस जल्द ही सभी आरोपियों को कोतवाली बुलाकर उनके बयान दर्ज करेगी। यह ज्योति अधिकारी पर दर्ज होने वाला आठवां मुकदमा है, जो केवल तीन महीने के अंदर हुआ है। जानकारी के अनुसार जोशी कॉलोनी छोटी मुखानी निवासी ब्लॉगर सुनीता भट्ट ने गुरुवार को काठगोदाम कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनका छोटा सा कारोबार नैनीताल रोड स्थित चौपाटी बाजार के पास वुडपेकर में है। सुनीता ने आरोप लगाया कि बुधवार शाम ब्लॉगर ज्योति अधिकारी अपने पति गोपाल अधिकारी, कमल जोशी और अन्य साथियों के साथ उसकी दुकान पर आ पहुंचे। आरोप है कि इन्होंने पहले तो सुनीता के साथ मारपीट की और फिर दुकान का सामान तोड़कर उसके कपड़े फाड़ने का प्रयास किया। सुनीता ने यह भी आरोप लगाया कि ज्योति और उनके साथ आए लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और उसकी सात साल की बेटी को उठाने की बात कही। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि इस मामले में ज्योति अधिकारी, गोपाल अधिकारी और कमल जोशी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रमोलिया हाउस में लेखन कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सरस मार्केट स्थित रमो. लिया हाउस में आयोजित लेखन कार्यशाला में साहित्य और रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस कार्यशाला का आयोजन रंगकर्मी दिनेश सिंह और अंकित चौधरी द्वारा किया जा रहा है, जबकि चर्चित कथाकार और कवि अनिल कार्की सन्दर्भ दाता के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। 10 मार्च से शुरू हुई यह कार्यशाला 15 मार्च तक चलेगी। अनिल कार्की ने बताया कि इस कार्यशाला में लेखन की बारीकियों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिसमें रचनात्मक अभ्यास, पात्र निर्माण, कथा में संघर्ष (कांफ्लिक्ट) और द्वन्द, प्रवेश निर्माण, संवाद लेखन, इमेजरी निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही सेंसस मैफिंग और रचनात्मकता की



नैतिकता जैसे सिद्धांतों पर भी विस्तृत जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला में स्थानीय युवाओं और साहित्य रंगमंच में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। आयोजक दिनेश सिंह और अंकित चौधरी के अनुसार, यह पहल रचनात्मक लेखन और रंगमंचीय समझ को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यशाला में गंभीर विमर्श और लेखन अभ्यास दोनों ही साथ-साथ चल रहे हैं। कार्यशाला के दूसरे दिन, बुधवार को प्रतिभागियों ने कहानी लेखन की बारीकियों पर चर्चा की और अपना-अपना आत्मकथन संक्षेप में प्रस्तुत किया। इस दिन कथाकार संजय खाती की कहानी शपिंटू का साबुनश का वाचन भी किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से साहित्य और रंगमंच के बीच सेतु का कार्य करते हुए प्रतिभागियों को संवेदनशील और उत्तरदायी लेखन की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है।

# एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की महिला पदाधिकारियों का सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के महिला पदाधिकारियों को पुलिस अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। यह आयोजन संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और मार्गदर्शक पूर्णिमा रजवार के नेतृत्व में हुआ। महिला पदाधिकारियों को अंगवस्त्र पहनाकर और माँ दुर्गा की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योगेन्द्र कुमार साहू और पूर्णिमा रजवार ने संयुक्त रूप से कहा कि संस्था की महिला पदाधिकारी निस्वार्थ भाव से समाज, धर्म और भारतहित में कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि आज की आवश्यकता है कि महिलाएं और लड़कियां अपने अधिकारों को पहचानें, खुद को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएं, और यह दिखाएं कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। इस दौरान अलका टंडन, पूजा जोशी, सुनीता तिवारी, शांति रावत, खुशी नागर, ममता खत्री, माही बिष्ट, रेनू कांडपाल, जया जोशी, तारा टकवाल मौजूद रहे।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने दिए टनकपुर से जौलजीबी तक सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश



**टनकपुर-जौलजीबी वाया पंचेश्वर मार्ग के संबंध में जिलाधिकारी ने की महत्वपूर्ण बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जीवन सिंह ह्यांकी के साथ टनकपुर से जौलजीबी वाया पंचेश्वर मोटर मार्ग के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने टनकपुर से जौलजीबी मार्ग की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस पर अधीक्षण अभियंता जीवन सिंह ह्यांकी ने अवगत कराया कि टनकपुर से रूपाली गाड़ तक लगभग 55 किलोमीटर मार्ग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके बाद रूपाली गाड़ से पंचेश्वर तक लगभग 35 किलोमीटर मार्ग के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है, जिसे इसी माह स्वीकृति हेतु भेजा जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि पंचेश्वर से बल्तड़ी तक लगभग 30 किलोमीटर मार्ग के लिए सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है तथा जून माह तक इसकी डीपीआर तैयार कर ली जाएगी। इसके अतिरिक्त बल्तड़ी से जौलजीबी तक लगभग 36 किलोमीटर मार्ग के लिए भी सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया जाएगा और इसकी डीपीआर भी जून माह तक तैयार कर स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रेषित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि लगभग 155 किलोमीटर लंबा यह मार्ग साम. रिक एवं स्थानीय आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए मार्ग के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

# कुकिंग गैस किल्लत मात्र अफवाहः एसडीएम

**गैस एजेंसियों का उप जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कुकिंग गैस किल्लत की चर्चाओं के मध्ये नजर उपऺ जिलाधिकारी तुषार सैनी ने क्षेत्र में कुकिंग गैस वितरण केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लोहियाहेड़ रोड़ स्थित भारत गैस एजेंसी, इंडियन गैस एजेंसी तथा कंजाबाग रोड़ स्थित शिव इंडियन गैस वितरण केन्द्रों की जांच पड़ताल की। एसडीएम सैनी ने पाया कि कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं है। उन्होंने किल्लत को मात्र अफवाह बताते हुए कहा कि गैस वितरण केन्द्रों पर कुकिंग गैस का पर्याप्त स्टॉक है। सप्लाई भी पूर्वत ही एजेंसियों को मिल रही है।

कुकिंग गैस वितरण एजेंसी पर चेकिंग के दौरान भारत गैस एजेंसी के प्रो. विनीत गुप्ता, शिव इंडियन की अंजू सिंह, इंडियन गैस एजेंसी के मैनेजर दिनेश तिवारी ने कुकिंग वितरण संबंधी जानकारी ली। उन्होंने पर्याप्त स्टॉक वितरण व्यवस्था एवं होम डिलीवरी संबंधी जानकारी ली। एसडीएम सैनी ने बताया कि गैस किल्लत मात्र अफवाह है। उन्होंने कुकिंग गैस उपभोक्ताओं को अफवाह के प्रति सचेत रहने की अपील की है। इस दौरान तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण, पूर्ति निरीक्षक हयात सिंह बुंगला, भुवन चन्द्र गहतोड़ी एसआई चौकी प्रभारी चकरपुर, पूरन सिंह, विद्यासागर, सुभाष पांडे कांस्टेबल आदि सम्मिलित थे।

## गैस आपूर्ति व्यवस्था मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/बनबसा।** वैश्विक स्तर पर ईरान-इजराइल युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर पैदा हुई अनिश्चितताओं के बीच जिला प्रशासन ने जनपद में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को बनबसा और टनकपुर क्षेत्र में घरेलू गैस (एलपीजी) की सुचारू आपूर्ति कराई गई। प्रशासन की ओर से प्राथमिकता के आधार पर शहरी क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। बनबसा क्षेत्र में 60 उपभोक्ताओं को तथा टनकपुर के मार्केट क्षेत्र में 50 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित किए गए।

## एक नजर

# अकीदत एहतराम के साथ अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज, अमन चैन की मांगी दुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रमजान उल मुबारक के आखिरी जुम्मा की नमाज शुक्रवार को मस्जिदों में पूरी हकीकत और शांतिपूर्वक से अदा की गई। इस खास मौके पर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी जहां सभी ने मिलकर देश की खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए हाथ उठा।

शुक्रवार को सुबह से ही मुस्लिम बहुमूल्य क्षेत्र में हलचल तेज थी शहर से लेकर गांव तक जामा मस्जिद समेत अन्य स्थानीय मस्जिदों में नमाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए। तेज धूप होने के बावजूद नमाजों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। इस दौरान नूरी मस्जिद, रहमानिया जामा मस्जिद खटीमा व मझोला जमा मस्जिद कंचनपुरी जामा मस्जिद जमौर जामा मस्जिद में नमाज के दौरान मस्जिदों के अंदर बहार विशेष इंतजाम किए गए। नमाज के बाद उन्होंने अपने संबोधन में रमजान के महत्व पर प्रकाश डालें और कहा कि यह महीना हमें धैर्य और मानवता का पाठ सीखना है खुद में मुल्क में अमन की तरक्की और भाईचारे को बनाए रखने की विशेष दुआ मांगी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस दौरान मौलाना इरफान उल हक कादरी, प्रशासक कामिल खान, मौलाना सद्दाम हुसैन मदारी, मौलाना मो. इलियास, राजा नासिर खान, सलीम रिजवी, ताहिर खान, बलोच शमीम अख्तर, ताहिर अंसारी, शकील अंसारी, सईद अहमद बबलू, मोहम्मद रफी आदि मौजूद रहे।

## पूर्व भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना (उत्तर प्रदेश) से सांसद चन्द्रशेखर आजाद तथा मुस्लिम समाज के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पूर्व भाजपा नेता के खिलाफ बाजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम बरहैनी नई आबादी निवासी खीम सिंह दानू पर आरोप है कि उन्होंने अपनी फेसबुक आईडी से एक वीडियो पोस्ट कर सांसद चन्द्रशेखर आजाद के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। आरोप है कि इस वीडियो के माध्यम से बहुजन समाज को भी अपमानित किया गया, जिससे समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। इस संबंध में आजाद समाज पार्टी के जिला सचिव प्रशांत कुमार ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उक्त वीडियो जानबूझकर क्षेत्र की शांति भंग करने और सामाजिक वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से अपलोड किया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## योग एवं व्यायाम कर शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** आरएलएसएम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर धर्मपुर में तृतीय दिवस पर विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदन,एन एस एस लक्ष्य गीत 'उठे समाज के लिए उठे' संकल्प गीत हम होंगे कामयाब हम होंगे कामयाब एक दिन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ । तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा योग एवं व्यायाम कर शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। गांव धर्मपुर में एक जागरूकता रैली निकाली। रैली में स्वयंसेवक जल संरक्षण से संबंधित लिखी हुई पट्टियों को लेकर चल रहे थे तथा नारों के द्वारा उद्घोष कर रहे थे। यहां प्रियांशी, अंकित कुमार, विनय चौहान, डा. भुवनेश कुमारी, दीपक कुमार चौहान, सुभाष चंद्र,गीता, प्रीति वर्मा, शिवानी चौहान, विवेक कुमार चौहान, डा. रवि कुमार, पिंकी रानी, अर्जुन सिंह, राजवीर, आसमां परवीन,विवेक कुमार वत्सल, मौ. सलीमआदि उपस्थित रहे।

## ड्यूटी पर जा रही महिला संविदा कर्मी पर हमला

**छेड़खानी के बाद मारपीट, घटना से अस्पताल स्टाफ में दहशत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सरकार और प्रशासन भले ही महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हों, लेकिन जमीनी हकीकत कई बार इन दावों पर सवाल खड़े कर देती है।

ताजा मामला रामनगर से सामने आया है, जहां ड्यूटी पर जा रही एक महिला संविदा कर्मचारी पर अज्ञात युवक ने हमला कर छेड़खानी की। घटना के बाद पीड़ित महिला और अस्पताल की अन्य महिला कर्मचारियों में दहशत का माहौल बन गया है,जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार सुबह की है,रामनगर के सरकारी अस्पताल में संविदा पर तैनात एक महिला कर्मचारी सुबह अपने घर से ड्यूटी के लिए अस्पताल जा रही थी, इसी दौरान उसके घर से कुछ दूरी पर स्थित रेलवे पटरी के पास एक अज्ञात युवक ने पीछे से उस पर हमला कर दिया,बताया जा रहा है कि युवक ने महिला का मुंह दबाकर उसे नीचे गिरा दिया और उसके साथ छेड़खानी करते हुए मारपीट शुरू कर दी,इस दौरान आरोपी ने महिला कर्मचारी का मोबाइल फोन भी छीन लिया,महिला कर्मचारी ने साहस दिखाते हुए किसी तरह खुद को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। इसी बीच युवक ने उसका फोन फेंक दिया और मौके से फरार हो गया,पीड़ित महिला ने तुरंत अपना फोन उठाकर रोते हुए अस्पताल के स्टाफ को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही अस्पताल के कुछ चिकित्सक और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और डरी-सहमी महिला को अस्पताल ले आए,यहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई,घटना के बाद पीड़ित महिला काफी सहमी हुई है, वहीं अस्पताल में काम करने वाली अन्य महिला कर्मचारियों में भी डर का माहौल बना हुआ है,दिनदहाड़े हुई इस घटना ने एक बार फिर महिला सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं,पीड़ित महिला कर्मचारी ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है,पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** ग्रामोत्थान परियोजना चंपावत में अनुबंधित तथा यूएसआरएलएम द्वारा गठित व पंजीकृत जनपद की 15 एसएचजी से चयनित 28 सदस्य व फिल्ड स्टाफ द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के अंतर्गत पूर्व में संचालित आईएलएसपी परियोजना क्षेत्र बिण, मुनाकोट व कनालीछीना ब्लॉकों में समूह व फैडरेशनो द्वारा किये जा रहे कार्यों का अध्ययन , आंकलन व प्रदर्शन क्षेत्रों में भ्रमण किया गया।

तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान दल के सदस्यों ने स्वायत्त सहकारिताओ के अंतर्गत सुशासन,व्यवसाय, विपणन, उत्पादों के मूल्यवर्धन,ग्रेडिंग, पैकेजिंग तथा दस्तावेजों के रखरखाव की जानकारी ली गई, जिसके तहत सदस्यों द्वारा पिथौरागढ स्थित आईएलएसपी व ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित दो आऊटलेटो में भ्रमण कर ग्रामीण उत्पादों के संग्रहण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग ब्रांडिंग व मूल्यवर्धन प्रक्रिया की जानकारी ली गयी तथा उत्पादों के विपणन एवं दस्तावेजीकरण प्रक्रिया पर समझ विकसित की गयी तथा संचालकों के साथ बैठक कर आपसी अनुभवों का आदान प्रदान किया गया।

तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के सफल संचालन व प्रबंधन में ग्रामोत्थान परियोजना चंपावत के सहायक प्रबंधक प्रकाश चंद पाठक, पिथौरागढ के सहायक प्रबंधक धर्मेन्द्र पांडे, सरस कैंद्र पिथौरागढ की संच. ालक रेखा भट्ट, अनू कापडी, बालेश्वर एफपीओ चंपावत के प्रबंधक भीम सिंह, दीपक जोशी, गीता आर्या आदि ने सहयोग व मार्गदर्शन दिया ।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रस्तोगी ने फूंकी जान

**लापरवाह पदाधिकारियों को दी सख्त चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी (ओबीसी मोर्चा) ऊधमसिंह नगर द्वारा जिला कार्यालय में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी और जिला प्रभारी अमित कुमार पाण्डेय, जिला महामंत्री तरुण दत्त, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी ललित राठौर, उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने अपने संबोधन में कड़ा रुख अपनाते हुए पदाधिकारियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पद मिलना केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। रस्तोगी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कई पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष पद मिलने के बाद भी न तो प्रदेश नेतृत्व से मिले और न ही सांगठनिक बैठकों में सक्रिय दिख रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि संगठन में पहचान केवल 'काम' और 'सक्रियता' से होगी, उदासीनता बरतने वालों के लिए संगठन में कोई स्थान नहीं है। रवि रस्तोगी ने जहां एक ओर अनुशासन की बात की, वहीं दूसरी ओर समर्पित साथियों की जमकर सराहना भी की। उन्होंने जिला महामंत्री संतोष चंद और अजय मौर्य की तत्परता की प्रशंसा की। साथ ही रोड शो की योजना में सक्रिय सहयोग देने वाले मंडल अध्यक्ष संजय कुमार, अशोक गुप्ता, जिला मंत्री योगेंद्र चौधरी और महेंद्र गंगवार का आभार व्यक्त किया।

जिला मंत्री मीना शर्मा द्वारा बड़ी संख्या में समर्थकों और गाड़ियों के साथ उत्साह दिखाने पर उन्हें 'नारी शक्ति' का प्रतीक बताते हुए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या एवं जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को आगामी चुनावों और बूथ स्तर पर मजबूती के लिए गुरुमंत्र दिया। यहां हरजीत राठी, राजेश जायसवाल, अनिल चंद, सत्यप्रकाश यादव, सचिन रस्तोगी, बलवीर कंबोज, दीपक गिरी, राकेश लोधी, राज. कुमार चौहान, मुकेश राठौर, अजीत सिंह, अशोक वर्मा, राधेश्याम रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, महेंद्र गंग. वार, आषा देवी, आशा मौर्या, मान. सिंह श्रीवास्तव, सतपाल गंगवार, कमलपाल, अशोक गुप्ता, रितिक कश्यप, सावन सिंह, चंद्रपाल गंग. वार, संदीप बाबा, हरदेव सिंह, आशीष श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, रमेश चंद्र रामा, दिनेश गिरी आदि मौजूद रहे।

# दलित समाज का भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भाजपा नेता द्वारा सोशल मीडिया पर दलित एवं एक विशेष समुदाय के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने से आक्रोशित दलित समाज के लोगों ने बेरिया तिराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति व दलित नेता राज. कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार का पुतला दहन करते हुए आरोपी भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

इस दौरान दलित नेता राजकुमार ने कहा कि जब से केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार आई है, तब से समाज में हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत फैलाने की कोशिशें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना निंदनीय है और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की बयानबाजी समाज में जहर घोलने का काम कर रही है। भारत एक लो. कतांत्रिक देश है, जहां सभी धर्मों और समाजों के लोगों को सम्मान के साथ रहने का अधिकार है, लेकिन कुछ लोग आपसी भाईचारे को बिगाड़कर राजनीति कर रहे हैं। राज. कुमार ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि संबंधित भाजपा नेता के खिलाफ जल्द मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो दलित समाज आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। इस मौके पर अनिल वाल्मीकि, जैदी खान, सूरज यादव, तनवीर खान, मंदीप खैरा, रोशन पटेल, उमेश पासी, पवन कुमार, विकास कुमार, दीपक, कौशल, हैप्पी, हाजी परवेज, हरपाल यादव, अनिरुद्ध, रवि कुमार काले, विट्टू सिंह, राहुल गुप्ता, सौरभ शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बाराकोट में 'किसान दिवस' पर जुटे काश्तकार

**आधुनिक खेती और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** विकासखंड बाराकोट के सभागार में 'किसान दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उद्यानिकी और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. गणेश सिंह खाती तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सीमा आर्या उपस्थित रहीं। जिला मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के काश्तक. ारों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान कृषि, उद्यान, पशुपालन, दुग्ध विकास, रीप विभाग और एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं द्वारा विभागीय योजनाओं के स्टॉल लगाए गए, जिनका अतिथियों और किसानों ने अवलोकन किया।

कार्यक्रम में 150 से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय, जिला उद्यान अधिकारी मोहित मल्ली, नवीन बगौली, योगेश जोशी, मनीषा कालाकोटी, दरबान मेहता, डॉ. नारायण सिंह, डॉ. टी.पी. यादव, डॉ. रजनी पंत, स्वाति कार्की सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने गैस किल्लत की अफवाहों को बताया भ्रामक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा महिला मोर्चा नगर मण्डल खटीमा की नवनियुक्त अध्यक्ष भागीरथी खोलिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोहियाहेड रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी पहुंच कर गैस उपभोक्ताओं से मुलाकात कर बातचीत किया और क्षेत्र में गैस सिलेंडरों किल्लत के आरोपों और अफवाहों को निराधार बताया। उन्होंने सोशल मीडिया और विपक्ष द्वारा फैलाए गए अफवाहों को भ्रामक बताया।

इस मौके पर इंडेन गैस एजेंसी खटीमा के प्रबंधक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि खटीमा में प्रत्येक दिन 360 सिलेंडर लेकर वाहन

पहले की तरह नियमित आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई किल्लत वाली बात नहीं है। सुचारू रूप से वितरण का कार्य निरंतर चलता रहेगा। अफवाहों के चलते सभी उपभोक्ता ऑनलाइन बुकिंग की कोशिश कर रहे हैं जिसके चलते सर्वर डाउन हो गया है।

इसके समाधान के लिए एजेंसी में उपभोक्ता की गैस सिलेंडर की बुकिंग मैन्युअल की जा रही है जिससे ग्राहकों को किसी प्रकार की दिक्कत ना आये।

# अवैध तमंचे समेत शातिर बदमाश दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी प्रभारी सूतमिल उ.नि. इंद्र सिंह ढेला द्वारा मय पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त मो. वसीम पुत्र साहिद हुसैन निवासी नई बस्ती थाना जसपुर को 01 अदद अवैध 315 बोर तमंचा व 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई इंद्र सिंह ढेला, हे.का. गणेश राम, शैलेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** चौकी प्रभारी पतरामपुर उ.नि. गोविंद सिंह मेहता द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त बलविंदर सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी भोगपुर डाम थाना जसपुर को 75 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई गोविंद सिंह मेहता, का. सुभाष डुंगरियाल, प्रशांत कुमार आदि शामिल रहे।

## शारदा घाट पर डूब रही महिला को पुलिस ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** शारदा घाट पर शुक्रवार सायं लगभग 4:45 बजे उस समय बड़ी अनहोनी टल गई जब नदी में डूब रही एक महिला को पुलिस बचाव दल ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ड्यूटी के दौरान मौजूद पुलिस बचाव दल की नजर जैसे ही नदी में डूबती महिला पर पड़ी, टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। टीम के सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बचाई गई महिला की पहचान ट्विंकल गुप्ता (33 वर्ष) निवासी आथरस, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। प्राथमिक देखभाल के बाद महिला को उनकी माता कुसुमलता गुप्ता के सुपुर्द कर दिया गया। इस साहसिक बचाव कार्य में पुलिस बचाव दल के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल जावेद खान, कांस्टेबल विजय कुमार तथा गोताखोर रविंद्र सिंह पहलवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।





















